दिन – गुरूवार दिनांक– 22 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने बाईस अप्रैल का बदला बाईस मिनट में लिया है। राजस्थान के बिकानेर में सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारतीय सेना ने बाईस मिनट के भीतर आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिये। उन्होंने कहा कि दुनिया ने और देश के दुशमनों ने देख लिया कि सिंदूर जब बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सूत्रों का भी जिक्र किया। पहला भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो करारा जवाब मिलेगा। समय और तरीका हमारी सेना तय करेगी। दूसरा, एटम बम की गीदड़ भवकियों से भारत डरने वाला नहीं है और तीसरा, भारत आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग–अलग करके नहीं देखेगा।

————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार समेत अठारह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित एक सौ तीन रेलवे स्टेशनों का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने देश की बढ़ती आर्थिक शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में आधुनिक इन्फास्ट्रक्चर बनाने का महायज्ञ चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि इसके लिए पिछले ग्यारह बर्षों में अभूतपूर्व गति से कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि संरचना विस्तार के इन कार्यों पर देश पहले की तुलना में आज छह गुना ज्यादा खर्च कर रहा है।

————————————————————

आज जिन स्टेशनों का उद्‌घाटन हुआ है। उनमें भागलपुर जिले का पीरपैंती और गोपालगंज जिले का थावे जंक्शन भी शामिल है। अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित पीरपैंती पूर्व रेलवे का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इस स्टेशन का लगभग उन्नीस करोड़ रुपये की लागत से विकास किया गया है। वहीं, गोपालगंज का थावे

जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र में आता है। प्राचीन शक्तिपीठ के लिए मशहूर थावे जंक्शन का विकास लगभग बारह करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत कई गणमान्य लोग भी पटना में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उनतीस मई को होने वाले दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर तैयारियां जोर–शोर से की जा रही है। प्रधानमंत्री उनतीस मई को पटना के जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। जबकि तीस मई को रोहतास के बिक्रमगंज में सभा को संबोधित करेंगे। रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बिक्रमगंज प्रखंड के मुरैना पंचायत में दुर्गाडीह गांव के पास प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की आज समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर वैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, हेलीपैड निर्माण, सोशल मीडिया निगरानी समेत विभिन्न विषयों को लेकर गठित टीमों के प्रमुखों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

———————————————————————

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के समर्थन में प्रचार करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री अठावले ने कहा कि उनकी पार्टी किसी सीट की मांग नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा सिर्फ नीतीश कुमार ही हैं। श्री अठावले ने केंद्रीय योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बिहार में छह करोड़ तैंतीस लाख जनधन खाते खुले हैं। उन्होंने बताया कि दो करोड़ से ज्यादा लोगों को मुद्रा योजना का लाभ मिला है और पचास लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान मिला है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी और बारिश के कारण जन जीवन पर असर पड़ा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, रोहतास, भभुआ और औरंगाबादा समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज और कल

भी प्रदेश के इन्हीं भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अन्य भागों में कहीं–कहीं हल्की बर्षा होने की संभावना है।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न प्रखंडों में तेईस मई से चार जून तक रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी आकीफ वकास ने दी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।